भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

22.03.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3549 का उत्तर

रेलवे खानपान-सूची में परिवर्तन

3549. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

श्री सुधीर गुप्ता:

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:

श्री बिद्युत बरन महतो:

श्री प्रतापराव जाधव:

श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे ने यात्रियों की खानपान सूची में परिवर्तन किया है/करने का विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या रेलवे का खानपान सूची में यात्रियों की स्वास्थ्य आवश्यकता के अनुसार अधिक पारंपरिक और क्षेत्रीय व्यंजन, छोटे बच्चों के लिए बेबी फूड और अन्य संगत व्यंजन शामिल करने का विचार है;

(ग) यदि हां , तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त सूची तय करने के लिए किन-किन मानदंडों का पालन किए जाने की संभावना है;

(घ) क्या रेलवे का अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष , 2023 को ध्यान में रखते हुए खानपान-सूची में मिलेट से बने व्यंजनों को शामिल करने का विचार है और यदि हां , तो इसमें शामिल किए गए व्यंजनों के नाम क्या हैं;

(ड.) क्या परिवर्तित खानपान-सूची की यह सुविधा देश की सभी रेलगाड़ियों में उपलब्ध होगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं , तो देश की सभी रेलगाड़ियों में यह सुविधा कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): जी हां। भारतीय रेल द्वारा क्षेत्रीय भोजन /पसंद की वस्तुएं, मौसमी पकवान उपलब्ध कराना शुरू किया गया है। भारतीय रेल ने भारतीय रेल की गाड़ियों के खान -पान सेवाओं के मेन्यू में विभिन्न यात्री समूहों और स्वास्थ्यजनक खाद्य विकल्पों जैसे जैन भोजन , डायबेटिक मेन्यू, बेबी फूड आदि भोज्य पदार्थ शुरू किया है।

संशोधित मेन्यू की कुछ विशिष्टताएं निम्नानुसार हैं:

- **मेन्यू मौजूदा टैरिफ को प्रभावित किए बिना डिज़ाइन किया गया है।**
- **दालमा, गुजराती काठी, मीठी कढ़ी, माचेर झोल मछली करी, सांभर आदि जैसे क्षेत्रीय खाद्य वस्तुओं को शामिल करना।**
- **रागी लड्डू, रागी कचौड़ी, रागी इडली, रागी डोसा (मसाला), रागी उत्तपम आदि जैसे बाजरा की वस्तुओं को शामिल करना।**
- **डायबेटिक और जैन मेन्यूी की शुरूआत करना।**
- **राजधानी/शताब्दी/दुरंतो गाड़ियों के 2ए/3ए/सीसी में 2 नमकीन वस्तुओं को कम करके 1 वस्तु कर दिया गया है और सैंडविच की शुरूआत की गई है।**
- **मौसमी सूखी सब्जी की शुरूआत।**
- **चीनी के स्वास्थ्यजनक विकल्पों के रूप में गुड़ पाउडर और शहद पाउच की शुरूआत।**

(घ): जी हां। वर्ष 2023 'इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट वर्ष ' है। भारतीय रेल ने खानपान मेन्यू में बाजरे के लड्डू, बाजरे की कचौरी, बाजरे की खिचड़ी, बाजरे का दलिया, बाजरे के बिस्किट, रागी इडली, रागी डोसा (मसाला), रागी उत्तपम आदि खाद्य वस्तुएं शुरू की हैं जिन्हें गाड़ियों में यात्रियों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

(ङ) और (च): 26 जनवरी, 2023 से गाड़ियों में उत्तरोतर रूप से संशोधित नया मेन्यू शुरू किया गया है। भारतीय रेल गाड़ियों में यात्रा कर रहे यात्रियों को उनकी आवश्यकता और फीडबैक अनुसार खाद्य वस्तुएं उपलब्ध कराने का सतत् प्रयास कर रही है।

****